आचार्य महाश्रमण से मिलेंगे डॉ. अब्दुल कलाम

'अध्यात्मक एवं विज्ञान' विषय पर चिन्तन गोष्ठी में भाग लेंगे

राजसमन्द 18 जुलाई।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 23 जुलाई को अपराह्न केलवा में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण से मुलाकात करेंगे। यहाँ भिक्षु विहार में 'अध्यात्म व विज्ञान' विषय पर चिन्तन–गोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें आचार्य श्री महाश्रमण एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के व्याख्यान होंगे। यह अंतरंग गोष्ठी होगी जिसमें लगभग 100 साधु, साध्वी एवं समणी वृन्द उपस्थिति रहेंगे एवं अन्त में जिज्ञासा–समाधान सत्र का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. कलाम आचार्य महाप्रज्ञ के साथ अपने सम्पर्क को जीवन की दिशा बदलने वाला मानते हैं। दोनों महापुरूषों के द्वारा संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक 'द फेमेली एण्ड द नेशन' में डॉ. कलाम ने इस सम्बन्ध में विस्तार से लिखा है। आचार्य महाप्रज्ञ के काल में प्रारम्भ हुई अध्यात्म व विज्ञान के समन्वय की सुन्दर परम्परा को केलवा में आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में एक नया आयाम मिलेगा।

अणुविभा में सृजित बच्चों का संसार देखेंगे डॉ. अब्दुल कलाम

नई पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत डॉ॰ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इससे पूर्व 23 जुलाई को प्रातः अणुव्रत विश्व भारती द्वारा 'चिल्ड्रन्स पीस पेलेस' के रूप में सृजित बाल विकास की विविध प्रवृत्तियों का अवलोकन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बच्चों में चारित्रिक मूल्यों एवं स्वस्थ जीवन शैली के विकास की दृष्टि से यहाँ 32 दीर्घाएं सृजित की गई हैं जिनमें उपलब्ध साधन–सामग्री का उपयोग करते हुए बाल मनोविज्ञान पर आधारित विविध रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को जीवन–निर्माण का दिशा–दर्शन प्रदान किया जाता है। यहाँ अब तक आयोजित 500 से अधिक बालोदय शिविर में 63000 से अधिक बच्चे भाग ले चुके हैं। डॉ॰ कलाम इन दीर्घाओं को एवं यहाँ की प्रशिक्षण शैली को देखेंगे एवं बच्चों से संवाद करेंगे।

अणुविभा के महामंत्री संचय जैन ने बताया कि इस अवसर पर 'वर्तमान पद्धति तथा विद्यालयों में नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का प्रशिक्षण' विषयक सेमीनार को भी डॉ. कलाम सम्बोधित करेंगे। सेमीनार में शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक समुदाय की सहभागिता रहेगी एवं सम्बोधन के पश्चात जिज्ञासा समाधान का सत्र आयोजित होगा।

इस अवसर पर अणुविभा द्वारा विद्यालयों में शान्ति व अहिंसा की संस्कृति विकसित करने की दृष्टि से तैयार की गई कार्ययोजना 'स्कूल विद ए डिफरेन्स' का भी औपचारिक शुभारम्भ किया जाएगा। इस अवसर पर अणुविभा के संस्थापक एवं बालोदय प्रकल्प के स्वप्नदृष्टा 92 वर्षीय मोहनभाई, अणुविभा के अध्यक्ष टी. के. जैन, अर्न्तराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सोहनलाल गांधी सहित अणुविभा के प्रमुख कार्यकर्त्ता उपस्थित रहेंगे।

निवेदकः

विमल जैन